**AKHIL BHARTIYA PRAJAPATI (KUMBHKAR) MAHASANGH (REGD)**
(Regd.No.S/67804/Delhi)
# अखिल भारतीय प्रजापति (कुंभकार ) महासंघ (रजि.)

**Regd. Office**
**IX/5232,Subhash Mohalla, ,**
**Gandhi Nagar,Delhi-110031**

**Head Office**
**A/12,4th floor,Malad Yojna CHS Ltd**
**SV Road, Malad (West),Mumbai-400064**
**Mob. (+91) 9930477730**
**Web. : www.abpkmahasangh.net**
**E/Mail : abpkmahasangh.2009@gmail.com**
**Whats App No.9969640819**

| **RBK Prajapati** | **CA Manoj Prajapat** | **Bherulal Prajapati** |
|---|---|---|
| National President | National Chief General Secretary | National Treasurer |
| **9930477730** | **8269048009** | **9892545805** |


---

## मीटिंग वृतांत

### दिनांक 30 जून 2024 को इंदौर ( म.प्र.) में संपन्न राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की मीटिंग के वृतांत

राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की उपरोक्त मीटिंग राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री आर बी के प्रजापति** की अध्यक्षता में संपन्न हुई और कार्यक्रम का संचालन तय कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रीय मुख्य महा सचिव **श्री मनोज प्रजापत CA** द्वारा किया गया I

**1. दीप प्रज्वलन कार्यक्रम :**

कार्यक्रम की शुरुवात करते हुये **श्री मनोज प्रजापति** जी CA के आवाहन पर मंच पर उपस्थित प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ सदस्यों द्वारा यादे माता की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया और इसके साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया I

2. **दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि**:

**श्री मनोज प्रजापत** जी के अनुरोध पर मीरा रोड (मुंबई) बैठक के बाद दिवंगत सभी आत्माओं के प्रति सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की I

3. **वर्ष 2023-24 की बैलेंस शीट एवं आय व्यय का विवरण और अनुमोदन**:

श्री मनोज प्रजापत CA के अनुरोध पर श्री भेरुलाल प्रजापति , राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने वर्ष 2023-24 का आय व्यय का विवरण एवं बैलेंस शीट प्रस्तुत किया I श्री भेरुलाल जी ने बैलेंस शीट **और** आय एवं व्यय का विस्तृत विवरण पेश किया और सदस्यों से आग्रह किया की अगर किसी को कुछ पूंछना है तो उसका स्वागत है i उन्होंने यह भी कहा कि मीटिंग के बाद भी अगर किसी सदस्य को कोई जानकारी लेना है तो ले सकता है I

श्री भेरुलाल प्रजापति जी ने एक बार फिर से सदस्यों से आग्रह किया कि वे महासंघ की गतिविधियों को सुचारुरूप से संचालित करने के लिये आवश्यक आर्थिक सहयोग करें I

श्री मनोज प्रजापति जी के अनुरोध पर सभी उपस्थित सदस्यों ने हाथ उठाकर बैलेंस शीट ,आय व्यय एवं अन्य विवरणों को सर्वसम्मति से पारित किया।

**4. मीरा रोड (मुंबई) में संपन्न समीक्षा बैठक के वृतांत का अनुमोदन :**

**श्री मनोज प्रजापति** जी CA ने 3 सितम्बर 2023 को मीरा रोड (मुंबई ) संपन्न राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की समीक्षा बैठक के दौरान लिये गये प्रमुख प्रस्ताओं को उद्धृत कर प्रजापति समाज की ताकत की याद दिलायीऔर सभी सदस्यों से इस पर गर्व होने की बात कही I उन्होंने सदस्यों से इन वृतांतों को पारित करने का अनुरोध किया जिसे सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर एक मत से पारित किया I

**महासंघ के कालखंड 2024-2029 के लिये चुनाव के बारे में चर्चा एवं निर्णय :**

5. **राष्ट्रीय कोर समिति की बैठक एवं निर्णय ( 16 जून 2024):**

इस विषय पर चर्चा की शुरुवात करते हुये श्री मनोज प्रजापत जी ने संगठन के **राष्ट्रीय मुख्य चुनाव अधिकारी** श्री लूनचंद सिनावाडिया जी को इस बारे में चर्चा करने का आग्रह किया I श्री लूनचंद सिनावाडिया जी को राष्ट्रीय कोर समिति ने अपनी दिनांक 16 जून 2024 की बैठक में वर्तमान चुनाव प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिये राष्ट्रीय मुख्य चुनाव अधिकारी के पद पर नियुक्त करने का निर्णय लिया गया I संविधान में प्रावधान के अनुसार नियुक्ति पत्र राष्ट्रीय मुख्य महासचिव द्वारा जारी किया जायेगा I

6. **चुनाव प्रक्रिया का संवैधानिक प्रावधान ( अनुच्छेद -16 )**:

महासंघ के संविधान के **अनुच्छेद 16** में निहित प्रावधानों के अनुसार चुनाव के लिये चार विकल्प , **चुनाव** ,**चयन** ,**अंगीकरण** एवं **सर्व सम्मति** ,दिये गये हैं I इनमें से महासंघ कोई एक विकल्प चुन सकता है I

7. **राष्ट्रीय कोर समिति के संवैधानिक अधिकार** { अनुच्छेद12(2)(2)(C)(i) एवं 12 (3)(4)(1)**(a):**

संविधान के अनुच्छेद **12(2)(2)(C)(i)** के अनुसार राष्ट्रीय कोर समिति को महासंघ के नीतिगत विषयों पर निर्णय लेने का अधिकार है और इन निर्णयों को प्रभावी बनाने के लिये अनुच्छेद **12 (3)(4)(1) (a)** के अनुसार राष्ट्रीय कार्य कारिणी समिति द्वारा इन निर्णयों की पुष्टि की जाती है I

8. **चुनाव की जगह अन्य विकल्प अपनाने का औचित्य** :

1) श्री लूनचंद सिनावाडिया जी ने इस विषय पर चर्चा करते हुये अपने अनुभव एवं पूर्व चुनाव के बाद की घटित घटनाओं का जिक्र किया I उन्होंने कहा कि महासंघ के मुख्य राष्ट्रीय पदाधिकारियों का चयन चुनाव के माध्यम से करने की प्रकिया को महासंघ के लिये अहितकारक बताया I उन्होंने आगे कहा कि कालखंड 2019-2024 के लिये आयोजित चुनाव में बड़ी धनराशि का व्यय , समय की बर्बादी एवं आपसी विघटन देखने को मिला है I चुनाव के बाद महासंघ एवं उसके शीर्ष पदाधिकारियों के विरुद्ध झूठा मुक़दमा दायर किया गया जो अभी तक चल रहा है I इसमे महासंघ की एक बड़ी धनराशि का अपव्यय , समय की बर्बादी एवं पदाधिकारियों को असुभिधाओं का सामना करना पड़ा है I
2) इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुये **राष्ट्रीय कोर समिति** ने इस विषय पर सदस्यों एवं पदाधिकारियों के बीच चर्चा करके सर्वसम्मति से उचित उम्मीदवारों के लिये सहमति बनाने की प्रक्रिया को अपनाने का निर्णय लिया I इसमें राष्ट्रीय कोर समिति के चेयरमैन श्री आर बी के प्रजापति एवं अन्य सदस्यों को सभी से चर्चा करके एकमत से निर्णय लेने का संकल्प लिया गया I
3) इसके बाद राष्ट्रीय कोर समिति के सभी सदस्यों ने पिछले 6 महीनों से सभी वरिष्ठ सदस्यों एवं पदाधिकारियों से विस्तृत चर्चा की और उनके विचार सुने I इस लम्बी प्रक्रिया के बाद इस चुनाव को सर्वसम्मति से करने का मन बनाया और उचित समय पर इस पर निर्णय की घोषणा करने के बारे में सहमति बनी I
4) **12(2)(2) C) i** एवं v के अनुसार महासंघ के नीतिगत मामलों के बारे में राष्ट्रीय कोर समिति क़ानूनी रूप से सक्षम है I राष्ट्रीय कोर समिति ने अपनी इस शक्ति का उपयोग करते हुये चुनाव का "सर्वसम्मति विकल्प" उपयोग करने का निर्णय लिया I
5) राष्ट्रीय कोर समिति के इस निर्णय के आधार पर सदस्यों एवं पदाधिकारियों के मध्य चर्चा करके राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्य राष्ट्रीय महासचिव पदों के लिये संविधान में निहित प्रावधानों के अनुसार इन पदों के लिये निर्धारित मानकों को ध्यान में रखते हुये **सर्वसम्मति** से उचित उम्मीदवारों का चयन करने का निर्णय लिया गया I इसके लिये राष्ट्रीय कोर समिति के चेयरमैन एवं सदस्यों ने सभी वरिष्ठ सदस्यों एवं पदाधिकारियों से लम्बे समय तक चर्चा एवं विचार विमर्श किया I

9. **राष्ट्रीय कोर समिति की बैठक एवं निर्णय ( दिनांक 29 जून 2024)** :

श्री लूनचंद सिनावाडिया जी ने सदस्यों को बताया कि दिनांक 29 जून 2024 को इंदौर के **" होटल द ग्रैंड** " में राष्ट्रीय कोर समिति की एक बैठक संपन्न हुई और उस बैठक में लिये गए निर्णयों का क्रम से उल्लेख किया I

(1) बैठक की शुरुवात में ही श्री आर बी के प्रजापति जी ने अपने व्यक्तिगत कारणों की वजह से , जिसमें स्वास्थ्य भी शामिल है , शीर्ष राष्ट्रीय पदों की जिम्मेदारी लेने के लिये अपनी असमर्थता व्यक्त की I इस प्रस्ताव को सभी सदस्यों ने एक मत से अस्वीकार कर दिया और उनसे इस पर पुनः विचार करने का आग्रह किया I इस पर श्री आर बी के प्रजापति जी ने पुनः जोर देते हुये अपने निर्णय को महासंघ के हित में बताया और कहा कि वह महासंघ को इस ऊंचाई पर देखकर अति प्रसन्न हैं I उन्होंने बताया कि इस निर्णय से समाज में एक सकारात्मक संदेश जायेगा I

(2) इसके बाद गहन विचार मंथन के बाद सदस्यों ने भारी मन से उनके अनुरोध को इस शर्त पर स्वीकार कर लिया कि वे इसके बाद भविष्य में भी महासंघ के मार्ग दर्शक बने रहेंगे I श्री आर बी के प्रजापति जी ने इसके लिये अपनी सहमति व्यक्त की I इसके उपरांत सभी सदयों ने श्री आर बी के प्रजापति जी द्वारा महासंघ के प्रति समर्पित एवं कर्तव्यनिष्ठ भावना से किये गये योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और उन्हें महासंघ में सर्वोच्च पद " **राष्ट्रीय संयोजक** " का सृजन करके उन्हें इस पद पर बिठाकर सम्मानित करने का निर्णय लिया I श्री आर बी के प्रजापति जी ने सदस्यों की भावनाओं का सम्मान करते हुये इस निर्णय को स्वीकार कर लिया I

(3) राष्ट्रीय कोर समिति द्वारा सृजित "राष्ट्रीय संयोजक " के पद का भी पुष्टिकरण राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति द्वारा कर दिया गया है I इसको प्रभावी बनाने के लिये 1860 के सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट XXI के प्रावधानों के अनुसार निर्णय को प्रभावी बनाने के लिये इसे रजिस्ट्रार आफ सोसाइटी , दिल्ली सरकार को सूचित किया जायेगा I

(4) इसके उपरांत सदस्यों ने श्री आर बी के प्रजापति जी से उनके वरिष्ठ सदस्यों एवं पदाधिकारियों के साथ हुई चर्चा एवं विचार विमर्श के आधार पर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्य राष्ट्रीय महासचिव पदों के चयन के लिये मार्ग दर्शन करने का आग्रह किया I

(5) श्री आर बी के प्रजापति जी ने अपने अनुभव एवं सभी के साथ संपन्न चर्चा के आधार पर **श्री सतीश विष्णु कुंकलेकर जी (गोवा ) को राष्ट्रीय अध्यक्ष** एवं **CA श्री मनोज प्रजापत जी (इंदौर )** को मुख्य राष्ट्रीय महासचिव के पदों के लिये सबसे उपयुक्त उम्मीदवार मानते हुये सदस्यों को इस पर विचार करने का आग्रह किया I इसके बाद सभी सदस्यों ने श्री आर बी के प्रजापति जी के सुझाव को सर्व सम्मति से स्वीकार कर लिया I

(6) इस तरह राष्ट्रीय कोर समिति ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिये **श्री सतीश विष्णु कुंकलेकर जी** (गोवा ) को एवं मुख्य राष्ट्रीय महासचिव के पद के लिये CA श्री मनोज प्रजापत जी )इंदौर) को सर्व सम्मति से चुन लिया I इस निर्णय को अंतिम रूप देने के लिये संविधान की धारा **12 (3)(4)(1) (a)** के अनुसार राष्ट्रीय कोर समिति के निर्णय की अभिपुष्टि के लिये राष्ट्रीय कार्य कारिणी समिति के समक्ष पेश करना आवश्यक है क्योंकि राष्ट्रीय कार्य कारिणी समिति के अनुमोदन के बाद ही राष्ट्रीय कोर समिति द्वारा लिया निर्णय संविधान के अनुरूप मान्य होगा I

**10.राष्ट्रीय कार्य कारिणी समिति द्वारा अनुमोदन : {अनुच्छेद 12 (3)(4)(1) (a)}:**

इसके बाद श्री लूनचंद सिनावाडिया , राष्ट्रीय मुख्य चुनाव अधिकारी , ने राष्ट्रीय कोर समिति द्वारा पारित प्रस्ताव " **श्री सतीश विष्णु कुंकलेकर जी (गोवा ) को राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं CAश्री मनोज प्रजापत जी (इंदौर ) को मुख्य राष्ट्रीय महासचिव के पद पर चयन** " को राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जिसे राष्ट्रीय कार्य कारिणी समिति ने एक मत से हाथ उठाकर स्वीकार कर लिया I इसके बाद श्री लूनचंद सिनावाडिया जी ने कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों का राष्ट्रीय कोर समिति के प्रस्ताव को एक मत से पारित करने के लिये धन्यवाद दिया I

**11.शपथ ग्रहण ( अनुच्छेद 12(4)-** राष्ट्रीय मुख्य चुनाव अधिकारी – **कर्तव्य एवं अधिकार -(d) :**

(i) भोजन अवकाश के बाद श्री लूनचंद सिनावाडिया , राष्ट्रीय मुख्य चुनाव अधिकारी ने **श्री सतीश विष्णु कुंकलेकर जी** (गोवा ) को राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं CA श्री मनोज प्रजापत जी (इंदौर ) को मुख्य राष्ट्रीय महासचिव के पद की शपथ दिलायी और नव निर्वाचित पदाधिकारियों की विधिवत नियुक्ति की घोषणा की I

(ii) उन्होंने यह भी बताया कि आज से महासंघ की सभी नियुक्तियां एवं समितियां भंग हो गई है I नई समितियों का गठन एवं नियुक्तियां श्री आर बी के प्रजापति , राष्ट्रीय संयोजक , **श्री सतीश विष्णु कुंकलेकर जी** राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं CA श्री मनोज प्रजापत मुख्य राष्ट्रीय महासचिव के मार्ग दर्शन में जायेंगी i

(iii) संविधान में राष्ट्रीय संयोजक के सृजन एवं नई प्रबंधन समिति की सूचना नियमों के मुताबिक रजिस्ट्रार सोसाइटी , दिल्ली को भेजी जाएगी I

**(iv)** राष्ट्रीय कोर समिति के निर्णय एवं उसे राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति द्वारा दिए गए अनुमोदन का बैठक में उपस्थित पूर्व राज्य सभा सदस्य **श्री दिनेश भाई अनावाडिया जी , केरल , ओडिशा , कर्नाटक ,राजस्थान उत्तर प्रदेश हरियाणा आंध्र प्रदेश , तेलंगाना छत्तीसगढ़ , मध्य प्रदेश , गुजरात** आदि **प्रदेशों के अध्यक्षों** ने स्वागत किया और समर्थन दिया i इसके अलावा अन्य पदाधिकारियों ने भी सर्वसम्मति द्वार संपन्न चुनाव की प्रशंसा की i **सभी सदस्यों ने समय एवं धन की बचत होने पर प्रसन्नता जाहिर की i**

**12. महासंघ विस्तार के लिये प्रोत्साहन सम्मान :**

CA श्री मनोज प्रजापत जी के आग्रह पर श्री भेरुलाल जी ने निम्न सदस्यों को सम्मानित किया जिन्होंने नये सदस्य जोड़कर महासंघ के विस्तार में अहम भूमिका निभाई है I

1) श्री राधे श्याम पटवारी ,नीमच ( मध्य प्रदेश)
2) श्री लच्छन प्रसाद प्रजापति ,गोरखपुर (उत्तर प्रदेश )
3) श्री छोगाराम कुम्हार , सिरोही (राजस्थान)
4) श्री कैलाश प्रजापति , उद्योगपति ,जयपुर (राजस्थान)

13.**नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान** :

1) सर्वप्रथम विभिन्न प्रदेश अध्यक्षों द्वारा नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सतीश कुंकलेकर जी एवं श्री मनोज प्रजापत ,मुख्य राष्ट्रीय महासचिव का सम्मान किया और उनके साथ मिलकर महासंघ की प्रगति के लिये सहयोग करने का वचन दिया I
2) विभिन्न प्रदेशों से महिला सदस्यों ने मिलकर श्री आर बी के प्रजापति जी को महासंघ के प्रति समर्पित योगदान के लिये आभार व्यक्त करते हुये उनके मंगल भविष्य की कामना की I इसके साथ ही

नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सतीश कुंकलेकर जी एवं श्री मनोज प्रजापत ,मुख्य राष्ट्रीय महासचिव को हार्दिक बधाई दी I

3) विभिन्न प्रदेशों जैसे केरल , ओडिशा ,आंध्र प्रदेश ,मध्य प्रदेश,गुजरात ,कर्नाटक ,छत्तीसगढ़ ,राजस्थान आदि से सामूहिक रूप से नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री सतीश विष्णु कुंकलेकर जी** एवं CA श्री मनोज प्रजापत ,मुख्य राष्ट्रीय महासचिव का सम्मान किया I

## 14. विशिष्ट अतिथितियों एवं पदाधिकारियों द्वारा व्यक्त विचार :

CA श्री मनोज प्रजापत जी ने कहा कि हम सभी देश के विभिन्न प्रदेशों से आये हुये प्रतिनिधियों के विचार हमारे लिये बहुत महत्वपूर्ण हैं I इसके उपरांत उन्होंने क्रमवार प्रतिनिधियों को मंच पर आमंत्रित कर उनके विचार साझा करने का आग्रह किया I सदस्यों द्वारा व्यक्त विचारों को संछिप्त रूप में निम्न रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है I

1) **श्री दिनेश भाई अनावाडिंया (पूर्व राज्य सभा सदस्य)** :

श्री दिनेश अनावाडिया जी ने सर्वसम्मति से महासंघ के पदाधिकारियों के चयन को अपनी सहमति देते हुये कहा कि इस तरह के संगठनों में पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से ही होना चाहिये इससे सदस्यों के मध्य आपसी भाई चारा बना रहता है I उन्होंने आगे कहा कि महासंघ को अपनी सदस्य संख्या बढ़ाने का प्रयत्न करना चाहिए I उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर प्रजापति समाज की 8 करोड़ संख्या के सामने महासंघ की कम से कम 8 लाख सदस्य संख्या होनी चहिये I

2) **श्री प्रमेन्द्र शेट ( एम एल ए गोवा ):**

श्री प्रमेन्द्र शेट जी ने सर्वसम्मति से पदाधिकारियों के चयन पर अपनी प्रसन्नता जाहिर की और महासंघ की प्रगति एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाये दी I

3) **श्री मनहर भाई प्रजापति ( प्रदेश अध्यक्ष गुजरात):**

श्री मनहर भाई प्रजापति जी , गुजरात प्रदेश अध्यक्ष ,ने राष्ट्रीय कोर समिति द्वारा सर्वसम्मति से पदाधिकारियों के चयन पर अपनी सहमति व्यक्त करते हुये प्रसन्नता जाहिर की I उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनायें देते हुये उन्हें गुजरात प्रदेश का पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया I

4) श्री **उदयनाथ साहू ( ओडिशा प्रदेश अध्यक्ष ):**

श्री उदयनाथ साहूजी ने राष्ट्रीय कोर समिति द्वारा लिये गए निर्णय का समर्थन किया और ओडिशा प्रदेश की ओर से नवगठित कार्यकारिणी समिति को समर्थन देने की बात कही I उन्होंने ओडिशा प्रदेश की ओर से अपने ग्रुप के साथ श्री आर बी के प्रजापति ,श्री सतीश कुंकलेकर एवं श्री मनोज प्रजापत जी को भगवान जगन्नाथ जी की प्रतिमा देकर सम्मान किया I उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व से राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के अगली बैठक ओडिशा में आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की I

5) **श्री एम.शिवानंद ( तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष):**

श्री एम . शिवानंद जी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्य राष्ट्रीय महा सचिव के सर्वसम्मति से चुने जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की और उन्हें तेलंगाना प्रदेश की ओर से पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया Iउन्होंने समितियों में प्रदेश के सदस्यों को अनुशासन बनाये रखने के लिये प्रदेश अध्यक्ष के माध्यम से ही जोड़ने का आग्रह किया I उन्होंने आगे कहा कि इससे महासंघ के पैसे एवं समय दोनों की बचत हुई है Iउन्होंने सरकारी विभागों के ग्रुप I & II के पदों के लिये बच्चों को कोचिंग की सुविधा प्रदान करने की बात कही I उन्होंने ज्यादा से ज्यादा सदस्यों से "विश्वकर्मा " योजना से जुड़ने का आग्रह किया I उन्होंने राष्ट्रीय कोर समिति का गठन लोकतान्त्रिक तरह से करने का आग्रह किया I उन्होंने पुनः राष्ट्रीय स्तर पर माटी कला बोर्ड के गठन पर जोर दिया I

**6) श्री एडवोकेट शशिकुमार सी (केरल प्रदेश अध्त्क्ष)**

श्री शशिकुमार जी ने नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्य राष्ट्रीय महासचिव को बधाई देते हुये उन्हें अपने प्रदेश का समर्थन प्रकट किया Iउन्होंने सदस्यों से केरल में भव्य एवं विशाल पद्मनाभम मंदिर के दर्शन के करने का आग्रह किया I उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने केरल प्रशासन में कार्यरत समाज के लगभग 668 कर्मचारियों की सूची तैयार की है जिनसे समाज के सदस्यों को मदत मिल सकती है I उन्होंने बताया कि आज केरल में 208 विद्यार्थी मेडिकल की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं लेकिन उन्हें इस बात का दुःख है कि केरल राज्य में समाज का कोई IAS अधिकारी नहीं है I उन्होंने सदस्यों से केरल की तरह अन्य राज्य के सदस्यों से भी कुम्हार सम्मान योजना (KSY) एवं विश्वकर्मा योजना से जुड़ने का आग्रह किया I

**7) श्री विशाल वर्मा ,हरियाणा ( राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष )**

श्री विशाल वर्मा ने सर्वसम्मति से राष्ट्रीय पदाधिकारियों के चयन के लिये राष्ट्रीय कोर समिति की प्रशंसा की और नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभ कामनाये देते हुये उन्हें समर्थन देने का आश्वासन दिया I उन्होंने महासंघ में ज्यादा से ज्यादा युवकों को जोड़ने पर बल दिया I

**8) श्री प्रदीप प्रजापति ( जिला अध्यक्ष इटावा उ प्र )**

श्री प्रदीप कुमार जी ने दोनों नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनायें दी I उन्होंने राजनीतिक तौर पर होनेवाली परेशानियों को देखते हुये उत्तर प्रेदश को तीन भागों में बांटने के निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया I श्री प्रदीप कुमार जी ने बताया कि उन्होंने इटावा जनपद (उ.प्र.) में समाज की जातीय गणना का कार्य प्रारंभ किया है जिससे जनपद में समाज के सदस्यों की वास्तविक संख्या का पता लगाया जा सके I उन्होंने अपने स्तर पर पता लगाकर समाज के युवक एवं युवतियों की जानकारी इकठ्ठा करके उनकी शादी कराकर समाज सेवा का व्रत लिया है I उन्होंने संगठन में विभिन्न पदाधिकारियों की कार्य क्षमता परखने के लिये अनुश्वरण (Monitoring) की व्यवस्था लागू करने का आग्रह किया I

**9) श्री मांगीलाल रेडवाल ( म.प्र. प्रदेश अध्यक्ष )**

श्री मांगीलाल रेडवाल जी ने राष्ट्रीय कोर समिति के निर्णय की सराहना करते हुये कहा कि इससे संगठन में भाईचारा फैलेगा I उन्होंने मंदसौर जनपद में जातीय गणना का कार्य शुरू किया है I इसके अलावा पर्यावरण समस्या की तरफ ध्यान देते हुये वृक्षारोपण का कार्य भी प्रारंभ किया गया है I उन्होंने युवक युवतियों की शादी कराने के प्रति भी सकारात्मक कदम उठाया है I उन्होंने सदस्यों से ज्यादा से ज्यादा इसमे शामिल होने का आग्रह किया I

**10) उषा प्रजापति ( महिला जिला अध्यक्ष इटावा उ प्र)**

उषा प्रजापति ने निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आर बी के प्रजापति के प्रति आदर एवं सम्मान व्यक्त करते हुये उनसे अपने भावनात्मक जुडाव की चर्चा की I उन्होंने अपने समाज की जातीय गणना तहसील , जिला एवं प्रदेश स्तर पर करने पर जोर दिया I उन्होंने सभी पदाधिकारियों से सप्ताह में एक बार वर्चुअल कांफ्रेंसिंग के जरिये संवाद करने की वकालत की I

**11) श्रीमती विजय लक्ष्मी (राजस्थान महिला प्रदेश अध्यक्ष):**

श्रीमती विजय लक्ष्मी ने इस बैठक में आमंत्रित करने के लिये केंद्रीय नेतृत्व को धन्यवाद दिया I उन्होंने श्री आर बी के प्रजापति जी के प्रति स्नेह एवं आदर व्यक्त करते हुये महासंघ में उनके द्वारा दिए गये अमूल्य योगदान को याद किया और नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाये दी I उन्होंने बताया की अभी तक प्रदेश में 1100 सदस्यों ने विश्वकर्मा योजना से जुड़ने के लिये आवेदन दिया है I उन्होंने

सदस्यों से इस योजना में ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुड़ने के लिये आग्रह किया I उन्होंने श्री आर बी के प्रजापति जी के राष्ट्रीय संयोजक के पद पर नियुक्ति के प्रति अपनी प्रसन्नता जाहिर की I

**12) श्री गुलाब राम वी उथेलिया ( कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष):**

उन्होंने महासंघ को इस ऊंचाई पर ले जाने के लिये श्री आर बी के प्रजापति जी की प्रशंसा की I उन्होंने राष्ट्रीय कोर समिति द्वारा पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से चुनने के निर्णय की सराहना की I उन्होंने दक्षिण भारत में अलग ग्रुप बनाने के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर की i उन्होंने इस विषय पर नवनिर्वाचित नेतृत्व से ध्यान देने का आग्रह किया I

**13) श्री नन्दलाल प्रजापति ,कोटा (राजस्थान), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ) :**

श्री नन्दलाल प्रजापति जी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभ कामनायें एवं अपना समर्थन दिया i उन्होंने सभी सदस्यों से मिलकर काम करके महासंघ को मजबूत बनाने का आग्रह किया I

**14) श्री राजकुमार उदयवाल ( राष्ट्रीय युवा कार्यकारी अध्यक्ष ):**

श्री राजकुमार जी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई दी i उन्होंने पाहिले की तरह ही केंद्रीय नेतृत्व को समर्थन एवं सहयोग करने का वचन दिया I

**15) श्रीमती जमुनादेवी पाडे (छत्तीसगढ़ महिला प्रदेश अध्यक्ष ):**

श्रीमती जमुनादेवी पाडे ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई देते हुये श्री आर बी के प्रजापति जी के कार्यकाल की भूरि भूरि प्रशंसा की और उनके प्रति हार्दिक सम्मान व्यक्त किया I उन्होंने सदस्यों से लड़कियों को स्वावलंबी बनाने के लिये कार्य करने का आग्रह किया I

**16) श्री रामदयाल प्रजापति (चेयरमैन म.प्र माटी कला बोर्ड ):**

उन्होंने सभी उपस्थित सदस्यों का अभिवादन करते हुये श्री आर बी के प्रजापति जी की संगठन चलाने की शैली एवं सदस्यों के प्रति उदार भावना के लिये उनकी प्रशंसा की I उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनायें दी I उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार ने एक आदेश जारी किया है कि पॉटरी उद्योग के लिये आवश्यक मिटटी , उद्पादों की निर्मिती एवं उनके पकाने की व्यवस्था आदि का निशुल्क करने के लिये प्रबंध संबंधित अधिकारीयों को कहा गया है I उन्होंने सदस्यों को सलाह दी कि उन्हें विश्वकर्मा योजना से लाभ लेना चाहिए I इस योजना से रु एक करोड़ तक के व्यवसाय स्थापित किये जा सकते हैं I

**17) श्री कानाराम स.प्रजापति (राष्ट्रीय संगठन मंत्री ):**

श्री कानाराम जी ने इस तरह की बैठकों में शामिल होने के लिये आने वाली सदस्यों का एक ड्रेस कोड होना चाहिए I इससे समाज के सदस्यों के बीच एकजुटता एवं भाईचारा उत्पन्न होगा I उन्होंने सभी उपस्थित सदस्यों का बैठक में शामिल होने के लिये आभार व्यक्त किया I

**18) श्री दत्ताजी कुंभार (महाराष्ट्र) ( चैयरमैन , ईंट भट्टा पॉटरी एवं KVIL समिति ):**

श्री दत्ताजी ने निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आर बी के प्रजापति जी को शुभ कामनायें दी और नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुये राष्ट्रीय अध्यक्ष से पॉटरी उद्योग से जुडी हुई बातों की चर्चा करने किये एक विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया I उन्होंने कहा कि इस उद्योग में कुछ समस्याएं हैं जिनका हल निकालना आवश्यक है i उन्होंने पूर्व में शासन द्वारा रेलवे स्टेशनों में मिटटी के कुल्हड सप्लाई के लक्ष्य को हम पूरा नहीं कर सके थे I उन्होंने भारत सर्कार द्वारा संचालित विश्व कर्मा योजना से जुड़कर लाभ उठाने का आग्रह किया I इस योजना में अन्य समाज के लोगों की तुलना में प्रजापति समाज के बहुत ही कम लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है जो कि एक खेद का विषय है I

**19) एस . सच्चिदानंद कुंभकार (प्रदेश युवा अध्यक्ष छत्तीसगढ़):**

श्री एस सच्चिदानंद ने श्री आर बी के प्रजापति जी को अपना सम्पूर्ण जीवन महासंघ के लिये अर्पित करने के लिये उनका कोटि कोटि अभिवादन व्यक्त व्यक्त किया Iउन्होंने बैठकों में माला पहनाने एवं सम्मान करने की प्रथा में विराम लगना चाहिये क्योकि इसमे समय बर्बाद होता है और इसकी वजह से अन्य गंभीर विषयों पर चर्चा एवं निर्णय नहीं हो पाते हैं I समाज के सिर्फ 2-3 % सदस्य ही पॉटरी उद्योग से जुड़े हैं इसलिए पॉटरी के अलावा अन्य विकल्पों पर भी बात होनी चाहिए और इस विषय पर सभी प्रदेशों में एकजुटता होनी चाहिए I उन्होंने नेतृत्व को अगली बैठक तक 500 नए सदस्य जोड़ने का आश्वासन दिया I

**20) श्री दालचंद प्रजापति ,रायपुर (प्रदेश युवा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ ):**

श्री दालचंद प्रजापति जी ने नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्य राष्ट्रीय महा सचिव को बधाई दी I उन्होंने कहा कि आज से सभी समितियां भंग हो गई हैं और नई समितियों का गठन होना है I मेरा केंद्रीय नेतृत्व से अनुरोध है कि भविष्य में सभी प्रदेशों में महासंघ के विस्तार के लिये लक्ष्य निर्धारित करके समय समय पर लक्ष्य प्राप्ति पर समीक्षा होना चाहिए I

**21) श्री लूनचंद सिनावाडिया ,जोधपुर(राजस्थान),राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष :**

श्री लूनचंद सिनावाडिया जी ने कहा दुःख प्रकट करते हुये आश्चर्य व्यक्त किया कि देश में अपनी समाज से एक भी लोकसभा एवं राज्यसभा सदस्य नहीं है I उन्होंने पुनः जोर देते हुये कहा कि अभी भी हमारे सदस्य विभिन्न सर नामों का इस्तेमाल करते है और इसके कारण समाज में एकता की कमी है I

**22) श्री राजेंद्र प्रसाद प्रजापति , लखनऊ (उत्तर प्रदेश) जोनल अध्यक्ष उ.प्र. :**

श्री राजेंद्र प्रसाद प्रजापति जी ने राष्ट्रीय कोर समिति के सर्वसम्मति से चुनाव करने पर टिप्पणी करते हुये कहा कि यद्यपि संविधान में इसका प्रावधान है लेकिन इसे समझने में उन्हें काफी परेशानी हुई I मुझे लगता है कि लगभग 80% सदस्यों को संविधान के प्रावधानों के बारे में जानकारी नहीं है I उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व से आग्रह किया कि भविष्य में संविधान के बारे में एक कार्यशाला आयोजित होनी चाहिए I उन्होंने सभी सदस्यों से संविधान के बारे में जानकारी लेने की सलाह दी I उन्होंने कहा कि महासंघ ने संविधान में 10 लक्ष्यों का निर्धारण किया है और उन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये हमें प्रयत्न करना चाहिए I

**23) श्री मंगलेश प्रजापति (मंडला जिला युवा अध्यक्ष) :**

श्री मंगलेश प्रजापति जी ने अपने अनुभव को सामने रखकर समाज के युवाओं से निष्ठाभाव से समाज सेवा करने का आवाहन किया I उन्होंने कहा शीर्ष नेतृत्व से आग्रह किया कि हर एक जनपद से एक युवा कार्यकर्ता चुनकर उसे महासंघ के विस्तार का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए I

**15. कार्यक्रम का आयोजन एवं इंदौर युवा टीम :**

श्री मनोज प्रजापत जी ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये इंदौर की युवा टीम का परिचय कराते हुये ख़ुशी जाहिर की I उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के किसी भी शहर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की सफलता में इंदौर की टीम का विशेष योगदान रहता है I टीम के सदस्यों ने भी श्री मनोज प्रजापत के नेतृत्व के प्रति विश्वास व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी तरह का सहयोग जारी रखने की बात कही I इसके साथ ही श्री मनोज प्रजापत जी ने कार्यक्रम के दौरान समय पर स्वादिष्ट नाश्ता एवं भोजन का प्रबंध करने के लिये श्री भगवान नक्सवाल जी का परिचय कराया I

## 16.कार्यक्रम का समापन :

### श्री आर बी के प्रजापति द्वारा आशीर्वचन :

श्री आर बी के जी प्रजापति ने निर्विघ्न रूप से नये पदाधिकारियों के चयन पर संतोष व्यक्त करते हुये प्रसन्नता जाहिर की I उन्होंने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में बदलाव आवश्यक होता है और इसी लिये पदाधिकारियों का वर्तमान चयन महासंघ के हित में है I उन्होंने सदस्यों से अपील करते हुये नव निर्वाचित पदाधिकारियों को सहयोग देने का आग्रह किया I उन्होंने महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक के पद से सम्मानित करने पर राष्ट्रीय कोर समिति का आभार व्यक्त किया I उन्होंने भविष्य में महासंघ की प्रगति के लिये सहयोग जरी रखने की बात कही I अंत में उन्होंने उनके प्रति आदर , सम्मान एवं सहयोग देने के लिये सभी सदस्यों ,पदाधिकारियों एवं विशिष्ट सदस्यों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया I

### श्री सतीश कुंकलेकर ( राष्ट्रीय अध्यक्ष ):

नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सतीश कुंकलेलर जी ने सदस्यों द्वारा उनके प्रति प्रकट किये सम्मान एवं समर्थन के लिये धन्यवाद दिया I उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन के संचालन एवं उसके लक्ष्यों की प्राप्ति उसके सदस्यों के सहयोग के बिना संभव नहीं है I उन्होंने सभी सदस्यों से अपील करते हुये महासंघ की प्रगति में पूर्व की तरह सहयोग करने का आवाहन किया I

### श्री मनोज प्रजापत CA ( मुख्य राष्ट्रीय महासचिव ) :

श्री मनोज प्रजापत जी ने बैठक में शामिल सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों का धन्यवाद देते हुये बैठक के सुचारुरूप से संचालन एवं समापन पर प्रसन्नता जाहिर की I उन्होंने सभी सदस्यों को उन पर प्रेम एवं विश्वास जताने पर हार्दिक धन्यवाद दिया और घोषणा की की वो पूरी शक्ति से महासंघ की प्रगति में अपना योगदान देकर सभी सदस्यों की आकाक्षाओं को पूरा करने का पूर्ण प्रयत्न करेंगे I

दिनांक : 10 जुलाई 2024

(**मनोज प्रजापत सी ए** )
मुख्य राष्ट्रीय महा सचिव